men for self-employment) to resettle ex-servicemen in rural areas by setting up of their own small scale self-employment ventures.

भारत नेपाल सीमा पर तस्करी

7357. **श्री शिबू सोरेन** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 23-29 जनवरी, 1983 के साप्ताहिक "दिनमान" में "तस्करी हीरों की नहीं, कोलतार की भी होती है" शीर्षक से प्रकाशित लेख की ओर आकर्षित किया गया है;

(ख) उत्तर प्रदेश और बिहार की सीमाओं से भारत और नेपाल के बीच हो रहे तस्करी के कार्यों में तस्करी की क्या प्रतिक्रिया है और इस सम्बन्ध में सरकार को मिली जानकारी का ब्यौरा क्या है;

(ग) भारत और नेपाल के बीच तस्करी को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(घ) 1975 से 1982 तक की अवधि के बीच तस्करी के आरोप में, वर्षवार, कितने व्यक्ति गिरफ्तार किए गए; और

(ङ) इस अवधि के दौरान जब्त किए गए माल का ब्यौरा वर्षवार क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पट्टाभि रामा राव) : (क) जी, हाँ।

(ख) और (ग) सरकार को प्राप्त हुई रिपोर्टों से पता चलता है कि भारत-नेपाल सीमा तस्करी के लिए सुगम्य रही है।

भारत-नेपाल सीमा पर स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों को चौकस होने के आदेश दे दिए गए हैं। इस प्रदेश में सीमा शुल्क विभाग के निवारक तथा आसूचना तंत्र को और तेज कर दिया गया है एवं केन्द्रीय और राज्य सरकार के संबंधित अधिकारियों के साथ भलि-भाँति ताल-मेल बना कर समुचित तस्करी निवारक उपाय किए गए हैं। इस प्रदेश में तस्करी की गतिविधियों को कम करने के लिए भारत और नेपाल के बीच द्विपक्षीय सहयोग भी कायम है। मामले की सतत पुनरीक्षा भी की जाती है।

(घ) और (ङ) वर्ष 1976 से वर्ष 1982 (जिनके आंकड़े उपलब्ध हैं) के दौरान पकड़े गए माल की कीमत और तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या निम्नलिखित है :—

वर्ष	पकड़े गए माल की कीमत (लाख रुपयों में)	गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या
1976	120.78	452
1977	155.07	479
1978	194.05	395
1979	145.26	242
1980	166.08	160
1981	223.58	196
1982	240.90	233

Income Tax Raids on Film Stars

7358. SHRI BHEEKHABHAI : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether Government are aware of the 'Newstrek', Bombay dated 18th February, 1983 wherein a news-item has appeared under the caption "Sequel to Income Tax raids on Stars";

(b) the number of raids conducted against film stars during the year 1982-83;

(c) the number of parties of Income Tax Officers;